I NEXT, Lucknow, Nov 9 2008

उत्कर्ष और आकाश रहे अव्वल

TCS की IT WIZ में 600 स्कूलों के 1200 से बच्चों ने किया participate

I next reporter

LUCKNOW (8 Nov): रविन्द्रालय आडिटोरियम शनिवार को खचाखच भरा हुआ था. यहां कोई नाटक या किसी कलाकार का शो नहीं बल्कि टीसीएस की आईटी विज थी. 800 की कैपिसिटी वाले ऑडीटोरियम में 1200 से अधिक लोग मौजूद थे. इस आईटी विज में यूपी, उत्तराखंण्ड के 600 टीमों के साथ ही सिंगापुर के 'हुआ वयी' स्कूल टीम ने भी पार्टीसिपेट किया. विज के 10 वर्ष पूरे होने की खुशी में एक नई वेबसाइट **www.tcsitwiz.com** को लांच किया गया. आईटी विज -2008 को लखनऊ पब्लिक स्कूल के उत्कर्ष मिश्रा और आकाश तिवारी ने जीता.

लैपटॉप और आईपॉड जीता

आईटी विज के चैम्पियन रहे लखनऊ पब्लिक स्कूल की आशियाना ब्रांच के उत्कर्ष मिश्रा और आकाश तिवारी को ट्रॉफी, लैपटाप और आईपॉड मिला. रनरअप रहे समर वली देहरादून के दुष्यंत ध्यानी और प्रतीक बंसल. इन दोनों को ट्राफी के साथ डीवीडी प्लेयर दिया गया. छः टीमें जो रीजनल फाइनल तक पहुंच सकीं उन्हें बैक पैक, एमपीथ्री प्लेयर, हेड फोन, और शहर के प्रमुख होटलों से गिफ्ट वाउचर मिले. हमेशा की तरह इस बार भी क्विज मास्टर गिरि बालासुब्रमनियम (पिक ब्रेन) रहे.

दो महीने की मेहनत

लखनऊ पब्लिक स्कूल, आशियाना ब्रांच के उत्कर्ष मिश्रा कहते हैं वह तीन महीनों से अधिक समय से अईटी विज की तैयारी कर रहे थे. वह कहते हैं कि स्कूल लाइब्रेरी की ऐसी कोई किताब नहीं बची जिसे उन्होंने पढ़ा नहीं हो. आकाश तिवारी तो 100 पर्सेंट श्योर थे कि यह क्विज वहीं जीतेंगे. आइसक्रीम के दीवाने उत्कर्ष मिश्रा जीत का श्रेय अपने स्कूल टीचर को देते हैं. आईटी विज की सफलता पर टीसीएस प्रमुख जयंत कृष्णा कहते हैं कि इस क्विज की तैयारी तीन महीने पहले ही शुरु कर दी गई. जयंत कृष्णा के मुताबिक पहले उन्हें स्कूल टू स्कूल इन्वाइट करना पड़ता था लेकिन 10 वर्षों में आईटी विज की कामयाबी का यह आलम है कि इस बार उन्होंने बहुत से स्कूलों को मना करना करना पड़ा.

क्विज के दौरान बच्चों के चेहरे पर कभी गंभीरता दिखी तो कभी मुस्कान